INDIAN SCHOOL SOHAR **SET 1**

PERIODIC TEST – 2 (2023-24)

CLASS : VIII **MAX.MARKS : 20**

DATE : 17/01/24 **DURATION: 40 MINUTES**

सामान्य निर्देश : (i) इस प्रश्न - पत्र में कुल 5 प्रश्न हैं।

(ii) सभी प्रश्नों के उत्तर लिखने अनिवार्य हैं।

(iii) प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले प्रश्न संख्या अवश्य लिखें।

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (4)

जी, जनाब । सोलहवीं शताब्दी की बात है। बादशाह हुमायूँ शेरशाह से हारकर भागा था और सिंध के रेगिस्तान में मारा-मारा फिर रहा था। एक अवसर पर प्यास से उसकी जान निकल रही थी। उस समय एक ब्राह्मण ने इसी लोटे से पानी पिलाकर उसकी जान बचाई थी। हुमायूँ के बाद अकबर ने उस ब्राह्मण का पता लगाकर उससे इस लोटे को ले लिया और इसके बदले में उसे इसी प्रकार के दस सोने के लोटे प्रदान किए। यह लोटा सम्राट अकबर को बहुत प्यारा था। इसी से इसका नाम अकबरी लोटा पड़ा। वह बराबर इसी से वजू करता था। सन् 57 तक इसके शाही घराने में रहने का पता है। पर इसके बाद लापता हो गया। कलकत्ता के म्यूज़ियम में इसका प्लास्टर का मॉडल रखा हुआ है।

(i) शेरशाह ने किसे हराया था ? सही विकल्प चुनकर लिखिए।

(क) शेरशाह सूरी को (ग) हुमायूँ को

(ख) एक सिपाही को (घ) सेनापति को

(ii) लोटे का नाम अकबरी लोटा क्यों पड़ा ? सही विकल्प चुनकर लिखिए।

(क) क्योंकि यह लोटा सम्राट अकबर को बहुत प्यारा था। (ग) इसलिए यह लोटा सम्राट अकबर ने खरीदा था।

(ख) बहुमूल्य होने के कारण (घ) अकबर के महल में रखे होने के कारण

(iii) कलकत्ता के म्यूजियम में लोटे का कौन-सा मॉडल रखा हुआ है ?

(iv) ' नीर ' का समानार्थी शब्द उपर्युक्त गद्यांश में से चुनकर लिखिए।

प्रश्न 2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए : (1×5)

(i) ऊँट के मुँह में ज़ीरा - लोकोक्ति का अर्थ है -

(क) भाग्य की विचित्रता (ग) एक दोष तो था ही , दूसरा और लग गया

(ख) दो व्यक्तियों की स्थिति में अंतर होना (घ) अधिक आवश्यकता वाले व्यक्ति को बहुत कम प्राप्त होना।

(ii) घर की ....दाल बराबर। रिक्त स्थान के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए।

(क) उँगलियाँ (ख) हाथ (ग) मुर्गी (घ) उँगली

(iii) मन के हारे हार है , मन के जीते जीत – लोकोक्ति का अर्थ है :

(क) मार से सब डरते हैं। (ग) मनुष्य की हार ओर जीत उसकी मानसिक स्थिति पर निर्भर करती है।

(ख) दोषी खुश होता है। (घ) ज़बरदस्ती गले पड़ना।

(iv) चारु चंद्र की चंचल किरणें - में कौन सा अलंकार है ?

(क) अनुप्रास अलंकार (ख) यमक अलंकार (ग) उपमा अलंकार (घ) अतिश्योक्ति अलंकार

(v) हाय फूल-सी कोमल बच्ची , हुई राख की थी ढेरी। किस अलंकार का उदाहरण है ?

(क) यमक अलंकार (ख) अनुप्रास अलंकार (ग) श्लेष अलंकार (घ) उपमा अलंकार

प्रश्न 3 . निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(i) बिलवासी जी ने रुपयों का प्रबंध कहाँ से किया था ? (2×3)

(ii) लाला झाऊलाल को बेढंगा लोटा बिलकुल पसंद नहीं था। फिर भी उन्होंने चुपचाप लोटा ले लिया। आपके विचार से वे चुप क्यों रहे ?

(iii) ‘ साइकिल आंदोलन ’ से पुडुकोट्टई की महिलाओं के जीवन में कौन-कौन से बदलाव आए ?

(iv) ‘ पुडुकोट्टई’ किस राज्य में है ? साइकिल चलाने के लिए वहाँ कैसा आंदोलन चला ?

प्रश्न 4. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए : (3)

(i) अंतर्धान (ii) घिसीपिटी (iii) पारसाल

प्रश्न 5 . निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाकर लिखिए : (2)

(i) खुराफाती (ii) अदब

....